अमर उजाला 24/04/2025

# ईआरपी प्रशिक्षण में सिखाए गुर



अंबाला। जीएमएन कॉलेज में ईआरपी समिति की ओर से इंटरएक्टिव ईआरपी प्रशिक्षण सत्र शुरू किया। इस सत्र का उद्देश्य शैक्षणिक और प्रशासनिक दक्षता के लिए स्टाफ की ईआरपी सिस्टम उपयोग करने की क्षमता को सुदृढ़ करना था। इस प्रशिक्षण सत्र में डुप्ले आईटी सॉल्यूशंस के विशेषज्ञ अमितोज ने प्रतिभागियों को ईआरपी प्रणाली की विभिन्न कार्यप्रणालियों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी और कॉलेज की आवश्यकताओं के अनुरूप बेहतरीन प्रयोगों और रियल-टाइम एप्लिकेशन को उजागर किया। संवाद